# पेट्रोल में 3% मेथनॉल का सुझाव

## नीति आयोग ने तैयार किया कैबिनेट नोट का मसौदा, मंत्रालय को भेजा जाएगा

नई दिल्ली। सरकार के विचार समूह नीति आयोग ने ईंधन के आयात पर निर्भरता कम करने के लिए मेथनॉल मिश्रित पेट्रोल के इस्तेमाल का सुझाव दिया है। आयोग के मुताबिक, पेट्रोल में तीन प्रतिशत मेथनॉल मिलाया जाना चाहिए। इसके लिए उसने कैबिनेट नोट का मसौदा भी तैयार कर लिया है।

सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, 'नीति आयोग की एक विशेषज्ञ समिति ने पेट्रोल में मेथनॉल मिलाए जाने के लिए कैबिनेट नोट का मसौदा तैयार कर लिया है। अब इसे परिवहन मंत्रालय को उसकी टिप्पणियों के लिए भेजा जाएगा। एजेंसी



## क्या है मेथनॉल

यह एक विशुद्ध और रंगहीन तरल पदार्थ है। मेथनॉल प्राकृतिक गैस, कोयले और विभिन्न प्रकार के रिन्यूबल फीडस्टॉक्स से बनता है। इसे 'वुड एल्कोहल' भी कहा जाता है। भारत एथनॉल मिश्रित पेट्रोल का इस्तेमाल पहले ही शुरू कर चुका है। अमेरिका के मेथनॉल इंस्टीट्यूट के मुताबिक, चीन अपने ईंधन में 15-20 प्रतिशत मेथनॉल का मिश्रण करता है।

Amar Ujala
27-3-17